Anand Niketan
Maninagar Campus

Grade : VII	Subject : Hindi	Section:- ___________
Date : 26.7.19	Periodic Test-I	Practice Worksheet

Syllabus for Periodic Test-I	Periodic Test-I -20 Marks	
साहित्य २. महायज्ञ का पुरस्कार ३. गाय की चोरी **व्याकरण** १. भाषा,लिपि और व्याकरण २. वर्ण और वर्णमाला (रचनात्मक अभिव्यक्ति)	Notebook Submission- 10 Marks	Dictation -15 Marks A S L - 5 Marks

खंड-क

प्रश्न-१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

कुछ अवसरों को छोड़कर प्राचीन काल में विद्यार्थियों को विद्याध्ययन में ही निष्ठापूर्वक लीन रहने का उपदेश दिया जाता था। विद्यार्थी वर्ग भी अपने पथ-प्रदर्शकों की भावनाओं का आदर कर उनके उपदेशों को सहर्ष ग्रहण करता था। किन्तु आज का युग प्राचीन युग से मेल नहीं खाता। आज जीवन इतना संघर्षग्रस्त, जटिलताओं और संकटों से पूर्ण हो गया है कि कोई भी व्यक्ति चाहकर भी अपने को उनसे परे नहीं रख पाता। ऐसे में विद्यार्थीवर्ग से आशा करना कि वह निष्ठा और मनोयोग से केवल विद्याध्ययन में ही जुटा रहे, संसार में जटिलताओं, संघर्षों से विचलित न हो, एक प्रकार की दुराशा है। अतः आज का विद्यार्थी विद्या के प्रति अपने को एकनिष्ठ नहीं रख पाता, भावी जीवन की समस्याएँ उसे एकनिष्ठ रहने नहीं देतीं। इसी कारण वह समस्याओं के प्रति संघर्ष छेड़ देता है और उसकी विद्या अपूर्ण रह जाती है।

१. प्राचीन काल में विद्यार्थीयों को क्या उपदेश दिया जाता था?
२. प्राचीन काल का विद्यार्थी पथ-प्रदर्शकों से क्या पाता था?
३. आज का युग प्राचीन युग से मेल कैसे नहीं खाता?
४. आज का विद्यार्थी अपने को एकनिष्ठ क्यों नहीं रख पाता?
५. आज के विद्यार्थी की शिक्षा अपूर्ण क्यों है?
६. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

खंड-ख

प्रश्न-२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

१. हिन्दी विश्व के कितने विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है?

२. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या कहलाती है?

३. भाषा के दो रूप कौन-कौन से हैं?

प्रश्न-३ दिए गए संकेतों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(देवनागरी, आगत, बोली, ५२, रोमन)

१. ऑ, ज़, फ़ ....ध्वनियाँ हैं।

२. मराठी की लिपि.........है।

३. भाषा के क्षेत्रीय रूप को ....कहते हैं।

४. अंग्रेज़ी..........लिपि में लिखी जाती है।

५. हिन्दी वर्णमाला में.........वर्ण हैं।

प्रश्न-४. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए-

१. क्षमा २. मेला ३. सच्चा ४. अधिकार ५. पुस्तक

<u>खंड-ग</u>

प्रश्न-५. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

१. ज़ुल्म २. सहसा

३. संतोष ४. पसारना

प्रश्न-६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-

१. सेठानी ने रास्ते के लिए कितनी रोटियाँ बाँधीं?

२. थानेदार गाँव में क्यों आया?

३. सेठ को महायज्ञ का क्या पुरस्कार मिला?

४. तहकीकात किस मामले के संबंध में हो रही थी?

प्रश्न-७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

१. धन्ना सेठ की पत्नी ने महायज्ञ का क्या अर्थ समझाया?

२. मुंशी जी को शेख़ी बघारने की आदत थी। क्या आप उनकी इस आदत से सहमत हैं और क्यों?

<u>खंड-घ</u>

प्रश्न-८. "भारतीय संस्कृति और साहित्य" विषय पर १००-१२० शब्दों में अनुच्छेद-लेखन कीजिए।

****